संख्याः29/2016 /485/तीस-1-2016-5(31)/2015

प्रेषक,

सुरेन्द्र विक्रम,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-1 **लखनऊः दिनाँक 06 जून, 2016**

विषयः बस स्टेशन एवं डिपो कार्यशाला मऊ के निर्माण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं०-23/2016/65/30-1-2016-5(31)/2015, दिनांक-31 मार्च, 2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा बस स्टेशन एवं डिपो कार्यशाला मऊ के निर्माण के संबंध में प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा आंकलित लागत रू० 1211.40 लाख की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति तथा वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-02/2015/वी-1-925/10-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च, 2015 में निहित निर्देशों के क्रम में वित्तीय वर्ष-2015-2016 में प्रथम किस्त के रूप में रू० 18.94 लाख की धनराशि व्यय हेतु अवमुक्त की गयी है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि बस स्टेशन एवं डिपो कार्यशाला मऊ के निर्माण के संबंध में स्वीकृत की गयी धनराशि रू० 18.94 लाख का आहरण न होने के कारण उक्त शासनादेश संख्या-23/2016/65/तीस-1-2016-5(31)/2015, दिनांक 31 मार्च, 2016 को निरस्त किया जाता है।

भवदीय,
ह०
(सुरेन्द्र विक्रम)
विशेष सचिव।

संख्याः 29/2016/485/तीस-1-2016 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. **महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।**
2. **महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।**
3. **मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।**
4. **प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम लखनऊ ।**
5. **प्रबन्ध निदेशक, कंस्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उ0प्र0 जल निगम) लखनऊ।**
6. **वित्त नियन्त्रक,परिवहन आयुक्त, कार्यालय लखनऊ।**
7. **वित्त नियन्त्रक, उ0प्र0रा0स0 परिवहन निगम मुख्यालय,लखनऊ।**
8. **वित्त नियन्त्रक, कंस्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उ0प्र0 जल निगम) लखनऊ।**
9. **नियोजन अनुभाग-4।**
10. **वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-9/परिवहन अनुभाग-3।**
11. **निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।**
12. **गाई फाइल।**

आज्ञा से,
ह०
(सन्त लाल)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in